आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-134 -● कटनी ● बुधवार, 16 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -6 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## आज से फिर वाह ताज



## गाजा पर फिर बरसाये बम

**गाजा।** इजरायल और फलीस्तीन में जारी संघर्ष विराम फिर टूट गया है। इजराइल ने स्वीकार किया है कि उसने गाजा पर जवाबी हवाई हमले किए हैं। इससे पहले फलीस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के हवाले से कहा गया था कि इस्राइल द्वारा गाजा में हवाई हमला किया गया है

## सीएम मिले पीएम से



**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पीएम आवास पहुंच गए हैं। यहां वे कोरोना को नियंत्रित करने में मध्य प्रदेश द्वारा अपनाए गए जनभागीदारी मॉडल की जानकारी प्रधानमंत्री को देंगे। लोगों को राहत देने के लिए लागू की गई योजनाओं पर भी चर्चा होगी। इसके पहले सीएम शिवराज ने सुबह ट्वीट कर लिखा कि मेक इन इंडिया और मेक फार वर्ल्ड के मूलमंत्र के साथ केंद्र सरकार भारत को एक आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था में बदल रही है। आत्म निर्भर भारत अभियान केवल एक सरकारी नीति नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में एक राष्ट्रीय आंदोलन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार द्वारा बिजली कनेक्शन, बैंक ऋण प्रदान करने और सड़कों के जाल बिछाने जैसे अनेक प्रयास किये जा रहे हैं जिनके माध्यम से आर्थिक विकास सबसे गरीब और सबसे कमजोर वर्गों तक पहुंच रहा है।


### मुंबई में घटना, अब 390 लोगों को पता नहीं है कि उन्हें कौन सा टीका लगा दिया गया?

# कोरोना के फर्जी टीके, 390 लोगों से ऐंठ लिए पांच लाख



**मुंबई।** मुंबई के कांदीवली इलाके की एक हाउसिंग सोसायटी में रहने वाले लोगों ने वैक्सीनेशन स्कैम का शिकार होने का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि उन्हें नकली कोविड-19 रोधी टीके लगाए गए। बताया जा रहा है कि 30 मई को हीरानंदानी हाउसिंग सोसायटी परिसर में ही 390 लोगों को कोविशील्ड का टीका लगाया गया। सोसायटी में रहने वालों के मुताबिक, राजेश पांडे नाम के एक शख्स ने खुद को कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल का प्रतिनिधि बताते हुए सोसायटी कमेटी के सदस्यों से संपर्क किया था। इस टीकाकरण अभियान का संचालन संजय गुप्ता ने किया, जबकि महेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति ने सोसायटी के सदस्यों से पैसा लिया था। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। साथ ही, दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। सोसायटी में रहने वाले हितेश पटेल ने बताया कि मेरे बेटे को भी टीका लगा था। हर डोज के लिए हमसे 1260 रुपये लिए गए। टीका लगने के बाद हमारे मोबाइल पर किसी भी तरह का मैसेज नहीं आया। इसके अलावा टीका लगवाने के दौरान हमने किसी भी तरह की सेल्फी या फोटो खींचने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि सोसायटी के 390 लोगों ने 1260 रुपये प्रति टीके के हिसाब से भुगतान किया। ऐसे में पांच लाख रुपये की ठगी होने की आशंका जताई जा रही है। लोगों को संदेह तब हुआ, जब किसी भी शख्स में टीके के बाद होने वाले लक्षण नहीं दिखे।

### लोगों को दिए गए फर्जी प्रमाण पत्र



सोसायटी के एक अन्य सदस्य ऋषभ कामदार ने बताया कि टीका लगने के बाद जब किसी तरह के लक्षण और साइड इफेक्ट नजर नहीं आने तो सभी हैरान रह गए। इसके बाद मामले की पड़ताल शुरू की गई, क्योंकि किसी को भी टीका लगवाने के तुरंत बाद प्रमाण पत्र नहीं मिला। 10-15 दिन बाद प्रमाण पत्र आए तो वे अलग-अलग अस्पतालों जैसे नानावती, लाइफलाइन, नेस्को बीएमसी टीकाकरण केंद्र की ओर से जारी किए गए थे। इस मामले में संबंधित अस्पतालों से संपर्क किया तो उन्होंने सोसायटी को टीके उपलब्ध कराने से इनकार किया।

## फटाफट खबरें



### पति के कार से उतरते ही दो नकाबपोशों ने पत्नी की कर दी हत्या

**बिलासपुर/बलौदा।** सरकंडा क्षेत्र के बंगालीपारा में रहने वाले युवक और पत्नी से लूट के बाद लुटेरों ने महिला की हत्या कर दी। इसकी सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। घटना जांजगीर-चांपा जिले के पंतोरा वन विभाग के चेक पोस्ट के पास की है। पुलिस ने मृतक के पति का बयान दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। फिलहाल पुलिस इसे लूट का मामला मानकर जांच कर रही है।।

### मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण की दर अब केवल 0.22 फीसदी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने प्रदेश में कोरोना की स्थिति की बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संक्रमण की दर घटकर अब 0.22त्न हो गई है। जबकि रिकवरी दर 98.4त्न पर पहुंच गई है। मध्य प्रदेश में कोरोना के मंगलवार को 72,087 हजार टेस्ट हुए हैं। पिछले 24 घंटे में 463 मरीज स्वस्थ हुए हैं। जबकि नए केस 160 आए हैं। कुल एक्टिव केस अब 3273 हैं। 22 जिलों में कोरोना का कोई भी मरीज नहीं मिला है। मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि वैक्सीन के प्रति देश में अफवाह फ़ैलाने वालों ने जघन्य अपराध किया है। ये लोग मानवता के दुश्मन हैं। मध्य प्रदेश सरकार 1 से 3 जुलाई तक संजीवनी रूपी वैक्सीन को लेकर महाअभियान चला रही है।।

### दूरंतो के इंजन में फंसा मोर

**ग्वालियर।** नई दिल्ली से चेन्नई के लिए चलकर आ रही दूरंतो एक्सप्रेस के इंजन में मोर फंस गया। इसकी सूचना ग्वालियर रेलवे स्टेशन को डिप्टी एसएस आपरेटर को दी। मोर फंसने की जानकारी मिलते ही रेलवे स्टाफ गाड़ी के इंतजार में खड़ा हो गया। जैसे ही गाड़ी स्टेशन पर पहुंची तो इंजन में फंसे मृत मोर को बाहर निकाला गया। इसके बाद ट्रेन को आगे रवाना किया गया। झांसी मंडल के पीआरओ मनोज सिंह के मुताबिक 16 जून को ट्रेन क्रमांक 02434 हजरत निजामुद्दीन -चेन्नई सेंट्रल राजधानी एक्सप्रेस ग्वालियर स्टेशन पहुंचेगी। यह ट्रेन हर बुधवार और शुक्रवार को संचालित की जा रही है। वहीं 17 जून से शताब्दी एक्सप्रेस दिल्ली से चलकर सुबह सवा नौ बजे ग्वालियर स्टेशन पहुंचेगी।




शुभांक - 4-8-3

### चूंकि हमारी राम में आस्था है इसलिए हमने कम रेट में जमीन का बैनामा किया

**सुल्तान ने बताई जमीन बेचने की पूरी कहानी**

# 10 मिनट नहीं बल्कि 10 साल में जमीन दो से 18 करोड़ की हुई

**अयोध्या!**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर जमीन खरीदने को लेकर लगे घोटाले के आरोप के बाद जमीन के विक्रेता सुल्तान अंसारी मंगलवार को सफाई देते दिखे। उन्होंने रामजन्मभूमि ट्रस्ट को जमीन बेचने की पूरी कहानी बताई। ट्रस्ट पर लगे आरोपों को खारिज करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि 10 मिनट में नहीं बल्कि 10 साल में जमीन दो करोड़ से 18 करोड़ की हुई है। पूरी पारदर्शिता से ट्रस्ट ने जमीन खरीदी है। पैसे का लेनदेन ऑनलाइन हुआ है। फिर भी कोई शंका हो तो पूरे मामले की जांच करा ली जाए, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। सुल्तान अंसारी ने बताया कि बाग बिजेशी की जिस 1.20 हेक्टेयर भूमि को लेकर हो-हल्ला हो रहा है। उस जमीन का 2011 में बबलू पाठक, कुसुम पाठक व हमारे पिता मोहम्मद इरफान ने फिरोज आलम के परिवार से एग्रीमेंट किया था। उस समय जमीन की कीमत एक करोड़ रुपये तय हुई थी। जिसमें 10 लाख रुपये पेशगी के रूप में दिए गये थे। इस बीच उस जमीन को लेकर कुछ विवाद हो गया, मामला कोर्ट में पहुंचा। जिसके चलते जमीन का बैनामा नहीं हो पाया। जब जमीन का एग्रीमेंट समाप्त हुआ तो 2014 में फिर एग्रीमेंट हुआ। 2014 में भी मामला कोर्ट में लंबित था, एग्रीमेंट आगे बढ़ाया गया। इसके बाद 2019 में विवाद सुलझ गया तो दोबारा इसका एग्रीमेंट किया गया। उस समय दो करोड़ रुपये कीमत तय हुई। जिसमें से 50 लाख रुपये पेशगी के रूप में दिए गए थे। इस तरह 10 मिनट में नहीं बल्कि 10 साल में जमीन की कीमत दो करोड़ रुपये से 18 करोड़ रुपये हुई है। बताया कि इसी बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट राममंदिर परिसर के लिए जमीन व मकानों का अधिग्रहण कर रहा है। जो लोग विस्थापित किए जा रहे हैं उन्हें बसाने के लिए ट्रस्ट जमीन ले रहा है। ऐसे में इस जमीन के लिए ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उनसे वार्ता की थी।



2019 में इस जमीन को लेकर जो एग्रीमेंट हुआ उसमें नौ लोग थे। ट्रस्ट का कहना था कि हम किसी एग्रीमेंट धारक के खाते में पैसे नहीं भेज सकते, किसी बैनामेदार के खाते में भेजेंगे। फिर हमने अपने पार्टनर के साथ बात की। सभी की सहमति से हमारे व रवि मोहन के नाम जमीन का बैनामा हुआ। फिर हमने निर्धारित दो करोड़ की राशि बबलू पाठक को देकर जमीन का बैनामा करा लिया। उसके बाद हमने राम जन्मभूमि ट्रस्ट को एग्रीमेंट कर दिया। जो लोग आरोप लगा रहे हैं उन्हें बता दें कि हमने मार्केट रेट से कम पर जमीन का बैनामा किया है। आज की उस जमीन की मालियत 24 करोड़ में बनेगी। चूंकि हमारी राम में आस्था है इसलिए हमने कम रेट में जमीन का बैनामा किया है।

### सुल्तान अंसारी की राम पर गहरी आस्था



जमीन का एग्रीमेंट कराने के बाद आरटीजीएस से पैसे का ट्रांसफर किया है। अभी ट्रस्ट की ओर से 8.50 करोड़ मेरे खाते में व इतनी ही रकम रविमोहन के खाते में ट्रांसफर की गई है, जो कि एक नंबर का पैसा है। अभी डेढ़ करोड़ बकाया भी है, ट्रस्ट बैनामा के समय शेष पैसा देगा। कहा कि बहुत जल्द ही इस जमीन की रजिस्ट्री भी हो जाएगी। सुल्तान अंसारी कई वर्ष पूर्व समाजवादी पार्टी से जुड़े रहे। कुछ वर्षों बाद ही सुल्तान का सपा से मोहभंग हो गया। उनकी राममंदिर के प्रति गहरी आस्था है, इस बात का प्रमाण यह है कि उन्होंने राममंदिर के लिए निधि समर्पण भी किया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा चलाए गए निधि समर्पण अभियान के तहत उन्होंने भाजपा नेता विशाल मिश्र के आवास पर 51 हजार का निधि समर्पण की थी।

## भड़काउ भाषण पर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती से पूछताछ



**कोलकाता (एजेंसी)।** अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती की ने पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान उनके विवादास्पद भाषण को लेकर कोलकाता पुलिस आज उनसे पूछताछ कर रही है। विवादित भाषण से संबंधित मामले में मिथुन के खिलाफ मानिकलता पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। एफआईआर रद्द करने की मांग को लेकर मिथुन ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। मामले में हाईकोर्ट ने पुलिस को मिथुन से पूछताछ करने का निर्देश दिया था। इसी सिलसिले में पुलिस उनसे वर्चुअली पूछताछ कर रही है। भाजपा में शामिल होते ही मिथुन चक्रवर्ती ने ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ कड़े तेवर दिखाए थे। चुनावी मंच से उन्होंने कहा था, मैं एक नंबर का कोबरा हूं.. डसूंगा तो तुम फोटो बन जाओगे उन्होंने आगे कहा कि वो गरीबों की लड़ाई लड़ना चाहते हैं।

## ट्विटर ने जानबूझकर आईटी कानूनों की अवहेलना की..



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** आईटी नियमों का पालन नहीं करना ट्विटर को भारी पड़ गया। ट्विटर ने भारत में मिला कानूनी सुरक्षा का आधार गंवा दिया है। इस पर केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को कहा कि ट्विटर को भारत में मिले कानूनी संरक्षण को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि ट्विटर ने 25 मई से लागू हुए नए आईटी नियमों का पालन नहीं किया। उसने कई अवसर मिलने के बावजूद जानबूझकर इनका पालन ना करने का रास्ता चुना। इसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

### मध्यमवर्गीय को राहत

## एनपीएस से पूरा पैसा निकाल सकेंगे सब्सक्राइबर्स



**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी ने लोगों को बहुत परेशान किया है। निवेशक भी मुनाफे को लेकर चिंतित हैं। मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बचत करना आसान नहीं है। कब उनकी सारी सैलरी खर्च हो जाती है पता ही नहीं चलता। कम पैसे खर्च करने की पूरी कोशिश के बावजूद मध्यमवर्गीय परिवार पैसा नहीं बचा पाते। ऐसे में अब पेंशन फंड रेग्युलेटर एंड डवलपमेंट अथॉरिटी ने नेशनल पेंशन सिस्टम के सब्सक्राइबर्स को बड़ी राहत दी है। पीएफआरडीए ने एनपीएस ग्राहकों को अपना पूरा पैसा निकालने की इजाजत दे दी है। जिस एनपीएस सब्सक्राइबर का कुल पेंशन कॉर्पस पांच लाख रुपये या इससे कम है, वो बिना एन्युटी खरीदे अपना पूरा पैसा निकाल सकते हैं।

### परिवार को 10 दिन से नहीं मिली रोटी?

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। एक महिला और उसके 5 बच्चे 2 महीने से खाने के लिए तरस गए। पिछले दस दिनों से परिवार के सदस्यों ने रोटी नहीं खाई। पूरे परिवार के सदस्यों की भूखे रहने के कारण तबीयत खराब हो गई। अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अलीगढ़ के थाना सासनी गेट इलाके के आगरा रोड स्थित मंदिर नगला में 40 वर्षीय गुड्डी नाम की महिला अपने छोटे-छोटे पांच बच्चों के साथ रहती है। बच्चों में बड़ा बेटा अजय (20), विजय (15), बेटी अनुराधा (13), टीटू (10) सबसे छोटा बेटा सुंदरम (5) है।

## हादसे में एक ही परिवार के 10 की मौत




**आणंद, गुजरात।** गुजरात के आणंद जिले में बुधवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने सभी झकझोर दिया है। आणंद जिले के तारापुर में बुधवार सुबह भयावह सड़क हादसे में एक ही परिवार के 10 लोगों की मौत हो गई है। मरने वाले में एक बच्चा भी शामिल है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक एक ही परिवार के 10 लोग कार में सवार हो जा रहे थे, तभी ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। घटनास्थल पर पुलिस मौजूद है, शवों को तारापुर रेफरल अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस जांच चल रही है। ट्रक और कार की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि परिवार के कई सदस्यों की मौत तो घटनास्थल पर ही हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने शवों का कार से बाहर निकाला। शवों को फिलहाल तारापुर रेफरल अस्पताल में रेफर किया जा रहा है। इस हादसे में कार बुरी तरह से चकनाचूर हो गई है।

### पुलिस अभिरक्षा में पिटाई से युवक की मौत, थाना प्रभारी सहित तीन निलंबित



**नरसिंहपुर।** जिले के पलोहा थाना अंतर्गत पुलिस की प्रताड़ना से एक युवक की मौत हो गई। आरोप लग रहा है कि थाने के अंदर पिछले दो दिन से किसी मामले में युवक को बंद कर पुलिस द्वारा बेरहमी से पिटाई की जा रही थी। यह मामला जैसे ही सामने आया पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव ने आनन-फानन में कार्रवाई करते हुए पलोहा की थाना प्रभारी और तीन अन्य स्टाफ कर्मियों को निलंबित कर दिया है। घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं।

### चिराग के बागी भाई प्रिंस की बढ़ीं मुश्किलें, यौन शोषण का आरोप



**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के सांसद और चिराग पासवान के चचेरे भाई प्रिंस पासवान की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। समस्तीपुर से सांसद प्रिंस राज पर एक लड़की ने यौन शौषण का सनसनीखेज आरोप लगाया है। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने यौन शोषण के मामले में प्रिंस के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। प्रिंस के खिलाफ नई दिल्ली के कनॉट प्लेस पुलिस स्टेशन में एक लड़की ने शिकायत दर्ज करवाई है। लड़की का आरोप है कि प्रिंस पासवान ने पानी में नशीला पदार्थ मिलाने के बाद उनके साथ रेप किया। लड़की ने आरोप लगाया है कि पानी पीते ही वह बेहोश हो गईं और उसके साथ बेहोशी की हालत में रेप किया गया। 15 जून को पीड़िता ने तीन पन्नों में विस्तार से आपबीती बताते हुए दिल्ली पुलिस के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करवाई है।

### लेफ्टिनेंट जनरल जेएस नैन आए भोपाल



**भोपाल।** भारतीय सेना की दक्षिणी कमान के चीफ कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट जनरल जेएस नैन सुदर्शन चक्र कोर के दो दिवसीय दौरे पर भोपाल पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने सुदर्शन चक्र कोर की युद्ध सम्बन्धी तैयारियों का भी जायजा लिया।

### इंदौर में मिला अब ग्रीन फंगस का मरीज



**इंदौर।** कोरोना की दूसरी लहर का कहर देश में घटना शुरू हुआ, लेकिन ब्लैक और व्हाइट फंगस ने कोहराम मचा दिया। अब मध्यप्रदेश के इंदौर में ग्रीन फंगस का पहला मामला सामने आया है। दरअसल, यहां के अरविंदो अस्पताल में 34 वर्षीय एक शख्स के फेफड़ों और साइनस में एस्परगिलस फंगस मिला। इस शख्स का इलाज अब मुंबई में चल रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि यह संक्रमण ब्लैक और व्हाइट दोनों फंगस से बेहद खतरनाक है। जानकारी के मुताबिक, इंदौर के माणिक बाग रोड पर रहने वाले विशाल श्रीधर को कुछ दिन पहले कोरोना हुआ था। ठीक होने के बाद वह घर गए, लेकिन पोस्ट कोविड लक्षणों के चलते उन्हें दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनके फेफड़ों और साइनस में एस्परगिलस फंगस मिला, जिसकी पहचान ग्रीन फंगस के रूप में हुई।

### एआईजी द्वारा किया गया शोध इंटरनेशनल जनरल ऑफ इन्फेक्शियस डिजीज में पब्लिश हुआ

# कोविड से उबर चुके लोगों पर 12 महीनों तक काम कर सकती है कोविशील्ड



**हैदराबाद, तेलंगाना।** भारत में कोरोना वैक्सीन की कमी के मद्देनजर एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी (एआईजी) अस्पताल के प्रमुख डॉक्टर डी नागेश्वर रेड्डी ने कहा है कि ये जरूरी है कि वैक्सीन का इस्तेमाल पूरी सावधानी और समझदारी से किया जाए। उन्होंने एआईजी में हुई रिसर्च हवाले से बताया है कि जो लोग कोविड-19 से ठीक हो चुके हैं उनके लिए 12 महीनों तक कोविशील्ड की एक ही खुराक लेना काफी है। एआईजी द्वारा किया गया ये शोध इंटरनेशनल जनरल ऑफ इन्फेक्शियस डिजीज में पब्लिश हुआ है। डॉक्टर रेड्डी ने इसकी जानकारी साझा करते हुए बताया है कि इस शोध में उन्होंने अस्पताल के स्टाफ को दो अलग-अलग ग्रुपों में बांटकर उन्हें वैक्सीन की खुराक दी थी। इनमें से एक ग्रुप में वो लोग शामिल थे, जो कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं हुए थे और दूसरे ग्रुप में वो लोग शामिल थे, जो पहले इससे संक्रमित हो चुके थे। आपको बता दें कि वैक्सीन की खुराक को लेकर अब तक कई तरह के शोध सामने आ चुके हैं। इन सभी शोध का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन और विश्लेषण भी किया जाता है। कुछ समय पहले एक रिपोर्ट में बताया गया था कि कोवैक्सीन की तुलना में कोविशील्ड शरीर के अंदर अधिक एंटीबॉडीज का निर्माण करती है, जिससे हमारा इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और शरीर को वायरस से लड़ने में मदद करता है। इस रिपोर्ट पर कोवैक्सीन को बनाने वाली कंपनी ने बयान जारी कर कहा था कि इस तरह के तुलनात्मक अध्ययन का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। रिपोर्ट में ये भी साफ किया गया था कि भारत में निर्मित दोनों ही वैक्सीन वायरस पर कारगर हैं।

### आज 62 हजार नये केस, मौत भी ढाई हजार से अधिक

देश में जानलेवा कोरोना वायरस की दूसरी लहर का प्रकोप जारी है। हालांकि नए मामलों की संख्या में गिरावट दर्ज की जा रही है, लेकिन मौत अभी भी बड़ी संख्या में हो रही हैं. पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 62 हजार 224 नए मामले सामने आए हैं. वहीं, 2 हजार 542 लोगों की मौत हो गई है।





# सड़कों पर बढ़ी भीड़, मास्क की अनदेखी

**भीड़ के कारण हर पल लग रहा सड़कों पर जाम**

**कटनी।** शहर में 100 प्रतिशत दुकानें खुलने के साथ ही कोरोना गाइडलाइन का पालन करने में अनदेखी की जा रही है। यह अनदेखी एक बार फिर भारी पड़ सकती है। अनलॉक के तहत कोरोना नियंत्रण के लिए एक दिन दाएं और दूसरे दिन बाएं तरफ की दुकानें खोलने का निर्णय लिया गया था, जिसे आज से समाप्त कर दिया गया है। इस निर्णय के बाद बाजार में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा है। बाजार में बच्चे भी अपने अभिभावकों के साथ पहुंच रहे हैं, जिनके द्वारा मास्क व सोशल डिस्टेंस के मामले में लापरवाही की जा रही है। बाजार में 90 फीसदी लोग मास्क का प्रयोग दिखावे के लिए करते हुए देखे जा रहे। इनके द्वारा नाक और मुंह पूरी तरह से ढंका नहीं जा रहा। मास्क गले में लटकाया जा रहा है। किसी अधिकारी या पुलिस की गाड़ी आते देख ही मास्क लगाने का ख्याल आ रहा है, वहीं अधिकांश लोग मुंहबंद कर रहे हैं। नाक खुली छोड़ रहे हैं, जिससे मास्क का प्रयोग सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। शहर में अधिकांश बाइक चालक मास्क का उपयोग नहीं कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में संक्रमण के फैलाव का खतरा ज्यादा बढ़ रहा है। कलेक्टर के निर्णय के बाद आज से बाजार पूरा खुल गय लेकिन कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है। इन दुकानदारों को दुकान खोलने की मंजूर इस शर्त पर दी गई है कि नो मास्क, नो सर्विस का नियम लागू रहेगा लेकिन ये दुकानदार ही मास्क का उपयोग नहीं कर रहे हैं तो फिर अपने यहां आने वाले दुकानदार को यह कैसे कह सकते हैं कि आप मास्क लगाकर दुकान के अंदर प्रवेश करें।

# पुलिसकर्मियों का अब 30 लाख रुपये तक होगा दुर्घटना बीमा

### भारतीय स्टेट बैंक ने शुरु की विशेष सैलरी पैकेज योजना

**कटनी।** कोरोना काल में भारतीय स्टेट बैंक ने पुलिसकर्मियों के लिये विशेष सैलरी पैकेज योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत पुलिसकर्मियों का 30 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा किया जायेगा। इसके पहले यह बीमा पांच लाख रुपये तक का ही था। इस योजना की



शुरुआत जून माह के प्रथम सप्ताह से स्टेट बैंक ऑफइंडिया द्वारा की गई है। बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार बेहेरा पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी से मुलाकात कर इस योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होने बताया कि इस योजना में वेतन खाता धारकों को 30 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा, 1 करोड़ का वायु दुर्घटना बीमा, 30 लाख का स्थायी अपंगता बीमा एवं 10 लाख का आंशिक अपंगता बीमा, 2 माह का अग्रिह वेतन ओव्हरड्राफ्ट की सुविधा मिलेगी। क्षेत्रीय कार्यालय कटनी अंतर्गत कटनी जिले में स्थित समस्त स्टेट बैंक ऑफइंडिया की शाखायें आती हैं। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर उद्यम बानरा, जितेन्द्र कुमार पटेल सहायक प्रबंधक सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।



# रीठी तहसील में आबादी भूमि का ड्रोन फ्लाई सर्वे

**रीठी।** रीठी तहसील के तमाम ग्रामों में हल्का पटवारियों द्वारा आबादी का भूमि अभिलेख प्रस्तुति करण ड्रोन फ्लाई सर्वे से निर्मित नक्शे का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत रीठी तहसील के पटवारी हल्का 14 ग्राम भरतपुर में पटवारी राकेश पांडेय द्वारा आबादी भूमि के भौतिक सत्यापन की कार्यवाही ग्रामीणों की मौजूदगी में की गई। जिस प्रकार से लगानी भूमि को नक्शे एवं खसरे में आबद्ध किया गया था, ठीक उसी प्रकार शासन की मंशानुसार आबादी भूमि नक्शे एवं खसरे को निर्मित कर संबंधित हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार आने वाले समय मे दिए जायेंगे।

# पुरवार स्कूल में ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता

**कटनी।** शासकीय पुरवार माध्यमिक शाला शेर चौक द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता करने के उद्देश्य ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें उन्नति, नम्रता, वैष्णवी, स्नेहा, मदन और रोहणी सहित अनेक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रधानाध्यापिका श्रीमती कामिनी दुबे, प्रतियोगिता के आयोजक सुमित गर्ग, सहयोगी आनंद बैरागी और पायल अग्रवाल ने बच्चो के कार्य की सराहना करते हुए अभिभावकों से घर पर पढ़ाई में सहयोग करते रहने की अपील की।

# नगर परिषद के राजस्व निरीक्षक को मिला प्रभार

### दो माह से कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुए सीएमओ



2 माह से कहां गायब हैं बरही के सीएमओ !

यश भारत
**खबर का असर**

**बरही।** गत 12 जून के अंक में यशभारत द्वारा 2 माह से गायब बरही के सीएमओ शीर्षक की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थीए जिसके बाद नींद से जागे अधिकारियों में आनन.फानन में कवायद करते हुए नगर परिषद बरही में पदस्थ राजस्व निरीक्षक मनोज कोरी को सीएमओ का प्रभार व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर दिया है। गौरतलब है कि नगर परिषद बरही के सीएमओ अभयराज सिंह पिछले 2 माह से गायब चल रहे है। पड़ताल में पता चला कि वे अपने पिता का इलाज करा रहे थेए उनके पिता की अब 3 दिन पूर्व इलाज दौरान रायपुर में निधन हो गयाए ऐसी स्थिति को देखते हुए उच्चाधिकारियों द्वारा फिलहाल मनोज कोरी को प्रभार दिया हैए जिनके पास वित्तीय अधिकार नही होगाए सिर्फप्रभार मिला है।

# ऑनलाइन डांस कॉम्प्टीशन में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

### रॉकिंग डांस क्लासेस द्वारा लॉकडाउन के दौरान किया गया आयोजन

**कटनी।** रॉकिंग डांस क्लासेस द्वारा लॉकडाउन के दौरान शहर की प्रतिभाओं को एक प्लेटफार्म देने और उनमे छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने के उद्देश्य से ऑनलाइन डांस कॉम्प्टीशन का आयोजन किया गया था। रॉकिंग डांस क्लासेस के संचालक तरुण ठाकुर ने बताया कि ऑनलाइन डांस कॉम्प्टीशन 15 दिनों तक आयोजित किया गया, जिसमे कटनी शहर और सतना, रीवा, जबलपुर, शहडोल, पन्ना आदि शहरों के बच्चों ने भाग लिया और अपना हुनर दिखाया। जिसमें की इंस्टाग्राम में पहले 40 वीडियो को अपलोड किया गया और जिसे सबसे ज्यादा लोगों ने पसंद किया, उनमे से 20 प्रतियोगियों को फाइनल के लिए सिलेक्ट किया गया और फाइनल राउंड में गूगल मीट एप पर सभी ने परफॉर्मेंस दी। जिसकी जजमेंट के लिए नागपुर से राहुल कुशलानी मौजूद रहे और सभी की कला की सराहना करते हुए उन्होंने जजमेंट किया। जिसमें जूनियर कैटेगरी में प्रथम इशिता अग्रवाल पन्ना, द्वितीय अनन्या चांदनानी कटनी, तृतीय आरोही अग्रहरि कटनी, सीनियर कैटेगरी में प्रथम अभिजीत पन्ना, द्वितीय निधि सोनी कटनी, तृतीय नैतिक पंडित कटनी, अपना उच्च प्रदर्शन करते हुए स्थान को हासिल किया और आकृति नायक कटनी, बेस्ट एक्सप्रेश नृथय प्रजापति शहडोल बेस्ट एक्सप्रेशन खिताब हासिल किया। रिचा पंडित पेरेंट्स ज्योति प्रजापति पेरेंट्स ने ऑनलाइन कंपटीशन की तारीफकरते हुए कहा कि बच्चे लॉक डाउन के दौरान घर पर मोबाइल चलाते हैं और अपनी फिटनेस पर ध्यान नहीं देते हैं। ऑनलाइन कंपटीशन से बच्चों में काफी उत्साह बढ़ा है और उन्होंने मेहनत करना चालू किया है। ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। मौजूद पेरेंट्स ने तरुण ठाकुर की सराहना की और कहा कि रॉकिंग डांस क्लासेस द्वारा कलाकारों को मंच देने का कार्य किया जाता है, जो कि सराहनीय है। विजेताओं को 2100 रूपए नगद पुरस्कार और सर्टिफिक्रेट के साथ सम्मानित किया गया।



**अपने प्रयासों से ग्रामीणों को कोरोना संक्रमण के प्रति किया जागरुक**

# किसी भी परिस्थिति में आशा कार्यकर्ता ने नहीं मानी हार

## वेक्सीनेशन के प्रति फैले भ्रम से भी लोगों को दिलाई निजात

**कटनी।** कटनी जिला अंतर्गत विकासखण्ड विजयराघवगढ के सेक्टर बरहटा अतर्गत ग्राम रोहनियाा की आशा कार्यकर्ता शकुन गुप्ता एवं आशा सहयोगी लक्ष्मी सोनी अपने ग्राम में सक्रियता के साथ कार्य में जुटी हुई हैं। वे सतत् रुप से अपने ग्राम में लोगों को स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने, कोविड-19 वेक्सीनेशन के प्रति जनजागरुकता, कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करने की समझाईश भी ग्रामवासियों को दे रही हैं, ताकि सभी कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रह सकें।

आशा कार्यकर्ता और आशा सहयोगी अपने क्षेत्र मे कोविड टीकाकरण कराने हेतु ग्राम में लोगो को इसकी जानकारी घर-घर जाकर दे रही हैं। इस कार्य में भ्रमण के दौरान जानकारी हुई कि कोविड टीकाकरण के प्रति लोगो में भ्रम, अन्धविश्वास, रूढ़ीवादिता के चलते टीका लगाने से डर रहे है। लोग मास्क एवं सेनेटाईजर का प्रयोग करेन से परहेज कर रहे है। किल कोरोना सर्वे टीम को देखकर लोग सहयोग भी नहीं कर रहे थे। आशा एवं टीम के घर आने पर घर का दरवाजा बन्द कर लेते है। किल कोरोना टीम, आशा, एएनएम, आशा सहयोगी को देखकर ग्रामीण उन्हें टीका नहीं लगवाने की बात कहते और न ही हमे कोविड टेस्ट कराने के लिये राजी हुये। आशा के सामने यह बडी समस्या थी। आशा परेशान थी, किन्तु उसने हिम्मत नही हारी एवं हिम्मत से आगे आकर इसके पश्चात आशा एवं आशा सहयोगी द्धारा ग्राम के वरिष्ट नागरिक सरपंच, संचित एव प्रतिष्टित लोगो से इस मुददो पर चर्चा की गई। चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया कि सभी साथ में चलकर ग्रम के लोगो को समझाईश देगे। निर्णय अनुसार सभी एक साथ मिलकर ग्राम के भ्रमण पर गये ,जाकर लोगो को समझाईश दी गई। किन्तु लोगो के उपर इनके प्रयासों समझाईश का कोई असर देखने नही मिल रहा था।

आशा दुसरी बार भी निराश हुई, दुसरे बार के प्रयासों से भी सफ्लता नही मिली किन्तु आशा कार्यकर्ता को आशा प्रशिक्षण मॉडयुल 6-7 की याद आई जिसमे उसे ग्राम में सर्वे



आदि कार्य के साथ परामर्श, समझाईश देने के साथ मोबिलाईजेशन के सबंध मे जानकारी एवं गुण व कौशल सिखाये गये थे। इन्ही कौशल ज्ञान का याद करते हुऐ एवं आशा सहयोगी के सुझाव से पुनः आशा कार्यकर्ता शकुन गुप्ता द्धारा सर्वप्रथम अपने उन हितग्राहीयों के घर गई जो पहले गर्भवती, धात्री थी, जिनके बच्चों का टीकाकरण करवाया गया था। इन हितग्राहीयों के घर पर जाकर इनसे पुर्व में आशा द्धारा दी गई ग्रहंभेट, स्वास्थ्य जाचं, एचबीएनसी एंव सफ्ल प्रसव के सबधं में चर्चा की गई। चर्चा में आशा द्धारा पूर्व में किये गये प्रयासों एवं उनसे प्राप्त सफ्लता की बात करते हुऐ वर्तमान कोविड-19 के परिणामों की जानकारी दी गई। आशा की उम्मीद थी, विश्वास था, जो पुरा हुआ। पहले गर्भवती के परिवार, धात्री का परिवार, छोटे बच्चों के माता-पिता का परिवार एवं धीरे-धीरे पुरा गांव जागरूक हुआ एवं टीकाकरण कराने तैयार हुआ। आशा कार्यकर्ता को दोहरे कार्य एक साथ करना था पहला कोविड टीकाकरण एवं दुसरा किल कोरोना सर्वे, दोनो की जिम्मेदारी थी। अन्त में दोनो कार्य में मेहनत, हिम्मत, विश्वास से किल कोरोना सर्वे में घर-घर जा रही टीम को सहयोग मिलने लगा, ग्रमवासी अपने स्वास्थ्य की जानकारी सर्वे टीम को ईमानदारी से देने लगे। आशा द्धारा प्रयासों के साथ ग्राम में नारे लेखन बहुत अधिक कराया गया, जिसके कारण भी सफ्लता प्राप्त हुई।



# अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो ने संभाला कार्यभार

**कटनी।** जिले के नवागत अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो ने मंगलवार को अपना पदभार गृहण कर लिया है। अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पा राज्य प्रशासनिक सेवा के 2003 बैच के अधिकारी हैं। श्री टोप्पा का स्थानांतरण प्रदेश शासन द्वारा जारी आदेश के तहत उप सचिव सामान्य प्रशासन से अपर कलेक्टर कटनी के लिये किया गया था।

# तीन केन्द्रों पर होगा मूंग व उड़द का उपार्जन

**कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2021-22 में ग्रीष्मकालीन फसल मूंग, उड़द के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिये तीन उपार्जन केन्द्र स्थापित किये गये हैं। इस संबंध में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आदेश जारी किया है। आदेश के तहत ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत झिन्ना पिपरिया उपार्जन निर्धारित किया गया है। इस केन्द्र में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति झिन्ना पिपरिया द्वारा पचपेढ़ी स्थित विपणन संघ द्वारा नवनिर्मित गोदाम में उपार्जन कार्य संचालित किया जायेगा। इसी प्रकार बहोरीबंद के लिये उपार्जन केन्द्र बहोरीबंद निर्धारित किया गया है। जिसमें वृहत्ताकार कृषि साख सहकारी समिति संस्था द्वारा बहोरीबंद स्थित संस्था के नवनिर्मित गोदाम में उपार्जन होगा। वहीं कटनी तहसील के लिये कटनी में विपणन सहकारी समिति कटनी द्वारा हिन्द एनर्जी एण्ड कोल बैनि. प्राई. लिमि. बोहता कटनी में उपार्जन कार्य संचालित होगा।

## पोर्टल में एन्ट्री के कारण मिल रहे पॉजीटिव के मैसेज

**कटनी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रदीप मुढ़िया ने बताया कि आरटीपीसीआर पोर्टल में बैकलॉग एन्ट्री का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जनसामान्य को उनके पूर्व के पॉजीटिव होने का मैसेज वर्तमान में प्राप्त हो रहा है। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. मुढ़िया ने जनसामान्य के लिये सन्देश दिया है। जिसमें कहा गया है कि विभिन्न ऑनलाईन पोर्टल में कोविड पॉजीटिव मरीजों का डाटा अपडेशन का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण जनसामान्य में कोविड पॉजीटिव होने का मैसेज मोबाईल में प्राप्त हो रहा है। अतः उक्त संदेश को गंभीरता से ना लें।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुराग खरे | डॉ. कनिका अग्रवाल | डॉ. जाकिर हुसैन | डॉ. अनिमेश गुप्ता
24x7 दवाईयां एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग
उपलब्ध विभाग
हेल्पलाईन नं.8982275111
उपलब्ध सुविधायें
• मेडीसिन विभाग • हृदय रोग विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • दंत रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
• शिशु रोग विभाग • मस्तिष्क रोग विभाग • ट्रामा विभाग • कैंसर विभाग • फिजियोथेरेपी विभाग • प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
• नार्मल डिलेवरी • सीजेरियन डिलेवरी • लेप्रोस्कोपिक सर्जरी • जनरल सर्जरी • आई.सी.यू. वार्ड
• सेमी. प्रायवेट वार्ड • जनरल वार्ड • मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर • हेयर ट्रांसप्लांट
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 16 जून 2021

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## आज जिले के 9 केन्द्रों पर लग रहा कोविड का टीका

### 45 साल से अधिक आयु वाले सभी व्यक्तियों को लगाई जा रही वैक्सीन



**कटनी।** कोविड-19 टीकाकरण के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों का 1 अप्रैल से टीकाकरण प्रारंभ किया गया है। 16 जून को जिले में शासकीय एवं निजी क्षेत्र की 9 स्वास्थ्य संस्थाओं में कोविड-19 टीकाकरण सत्र आयोजित किये जायेंगे। शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में टीकाकरण निःशुल्क किया जा रहा है।

### कटनी शहारी क्षेत्र में इन स्थानों पर टीकाकरण

कटनी शहरी क्षेत्र के टीकाकरण केन्द्रों की जानकारी देते हुये जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी अर्बन क्षेत्र में पुरानी कचहरी परिसर और झूलेलाल सेवा मण्डल माधवनगर में टीकाकरण होगा। इसके साथ ही जिला अस्पताल अंतर्गत पुरानी कचहरी परिसर में को-वेक्सीन के दूसरे डोज का भी टीकाकरण किया जायेगा।

### ग्रामीण क्षेत्रों में इन स्थानों पर टीकाकरण

जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि 16 जून को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी निर्धारित केन्द्रों पर वेक्सीनेशन होगा। सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएचसी ढीमरखेड़ा, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी रीठी, सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़ और सीएचसी बरही में भी कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया जायेगा।

### 18 से 44 आयुवर्ग के लिये 24 स्थलों पर वेक्सीनेशन

जिले में 16 जून को 18 से 44 आयु वर्ग लोगों के लिये वेक्सीनेशन 24 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंधई ने बताया कि 16 जून बुधवार को पुरानी कचहरी परिसर कटनी में वेक्सीनेशन होगा। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र अंतर्गत जिला चिकित्सालय के पुरानी कचहरी परिसर में महाकौशल फैक्ट्री के लेबर वर्ग के लिये विशेष कैम्प भी आयोजित होगा। जिसमें 18 से 44 आयुवर्ग के लिये वेक्सीनेशन होगा। वहीं सनातन धर्म पंजाबी मण्डल माता मंदिर माधवनगर, रेल्वे एसएस स्कूल एनकेजे सेवा भारती सरस्वती स्कूल नई बस्ती, तिलक महाविद्यालय कटनी, एसीसी अस्पताल कटनी में भी 18 से 44 आयुवर्ग के लिये वेक्सीनेशन सत्र आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत सीएचसी बड़वारा, पीएचसी बसाड़ी, सीएचसी बहोरीबंद, पीएचसी बाकल, पीएचसी स्लीमनाबाद, पीएचसी तेवरी, सीएचसी उमरियापान, पीएचसी कछारगांव, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी पहाड़ी, सीएचसी रीठी, पीएचसी बिलहरी, सीएचसी बरही, उप स्वास्थ्य केन्द्र खितौली, सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़, पीएचसी सिनगौड़ी, पीएचसी कैमोर में भी 18 से 44 आयुवर्ग के लिये कोविड-19 वेक्सीनेशन किया जायेगा।

## फिर शहर में झमाझम के आसार

## 24 से 48 घंटे में सक्रिय हो जाएगा मानसून

**कटनी।** पश्चिमी मध्यप्रदेश में सक्रिय मानसून अगले 24 से 48 घंटे के बीच जिले में भी सक्रिय हो जाएगा क्योंकि झारखंड के साथ दक्षिणी मध्यप्रदेश में कम दबाव का क्षेत्र बन चुका है। अगले चार से पांच दिन तक बेहतर बारिश की संभावना व्यक्त की जा रही है। उधर आसमान में मंडरा रहे काले बादलों के गायब होने के बाद पिछले दो दिनों से तपन अपना असर दिखा रही है। उमस ने भी लोगों को परेशान कर दिया है। मौसम में आये बदलाव के बाद तपन और उमस ने एक बार फिर परेशान करना शुरू कर दिया है। तापमान भी 36 के करीब पहुंच गया है। न्यूनतम पारा 24 दर्ज हो रहा है। इसी वजह से दिन के साथ रात में भी उमस बढ़ गई है। हालांकि मंगलवार की शाम हुई जोरदार बारिश से रात में थोड़ा गर्मी से राहत मिली लेकिन आज सुबह से फिर बादलों की खेप के साथ तेज धूप नें एक बार फिर उमस व बेचैनी बढ़ा दी।



### 18 जून तक बेहतर बारिश की संभावना

मौसम विभाग का कहना है कि कि दक्षिणी मध्यप्रदेश में कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय हो रहा है। इसके अलावा एक सिस्टम झारखंड में भी बन गया है। दोनों सिस्टम के कारण अगले 24 से 48 के बीच जिले में भी मानसून सक्रिय हो जाएगा और जिस तरह अभी पश्चिमी मध्यप्रदेश में बारिश हो रही है उसी तरह जिले में झमाझम बारिश के आसार बन गए हैं। मौसम विभाग 14 से 18 जून तक बेहतर बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहा है। इस बीच 40 किलोमीटर प्रतिघंटे से भी अधिक रफ्तार से हवाएं भी चलने की उम्मीद है।

### सुबह से कड़ी धूप, दोपहर में बढ़ी गर्मी, शाम को बूंदाबांदी

बंगाल की खाड़ी से निकली बारिश वाली बादलों की खेप के बीच रास्ते में अटक जाने में शहर को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। मानसून सक्रिय होने के चार दिन बाद भी शहर सूखा है। मंगलवार को सुबह से धूप रही। पूर्वान्ह तक कड़ी धूप चुभने लगी। इससे दोपहर तक उमस बढ़ गई। चिपचिपी गर्मी ने परेशान किया। शाम होते तक आसमान में काले बादल उमड़ें। उम्मीद जागी की अब काले मेघा शहर को तर करेंगे लेकिन कुछ ही देर बूंदाबांदी करके बादल गायब हो गए। हालांकि बूंदाबांदी के बाद नमी भरी हवा के झौंके आए। इसने गर्मी से कुछ राहत दी लेकिन झमाझम बारिश का सुकून शहर को नहीं मिल रहा है।

## फिर मुसीबत बने खाली पड़े प्लॉट

### भरने लगा बारिश का पानी, पनप रहे मच्छर
### शिकायतों के बाद भी नहीं की जा रही निकासी



**कटनी।** शहर के लगभग सभी वार्डों में खाली प्लॉट पड़े हैं और बारिश का मौसम आते ही यह लोगों के लिए मुसीबत बन जाते हैं। यहां पानी जमा होने के कारण गंदगी और मच्छर पनपने लगते हैं। कई बार लोगों द्वारा इसकी शिकायत नगर निगम में की जा चुकी है लेकिन पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। पिछ्ले दिनों से हो रही बारिश के कारण वार्डों में अब जगह-जगह पानी के तालाबों जैसे स्थिति नजर आने लगी है। खाली पड़े प्लॉटों में पानी भर गया है, जिससे यहां गंदगी फैल रही है और मच्छर पनपने लगे हैं। जिन घरों के बाजू से यह खाली प्लॉट हैं, वहां सुबह-शाम घरों के दरवाजे खोलना भी मुश्किल हो जाता है, क्योंकि मच्छर घर में घुस जाते हैं। मच्छरों के कारण बीमार होने का खतरा बना रहता है। नगर निगम में शिकायतों के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्लॉट खरीदकर मकान बनाने की जगह लोग खाली पड़ा रहने देते हैंए जिससे वहां बारिश और नालियों का गंदा पानी जमा होता है। नगरपालिका के अधिकारी उन्हें नोटिस जारी करने की बात करते हैंए लेकिन अभी तक किसी पर भी कार्रवाई नहीं हुई है। यदि ऐसे प्लॉट मालिकों पर कार्रवाई की जाए तो यह समस्या खत्म हो सकती है।

## हितग्राहियों को मिलेगा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ

**कटनी।** मत्स्य पालन विभाग भारत सरकार द्वारा फ्लैगशिप योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की शुरुआत की गई है। उत्पादन एवं उत्पादकता की वृद्धि के लिये प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में मछवारों, मछली किसानों, युवा महिला उद्यमियों आदि के लाभ के लिये अनेक गतिविधियों संचालित की जा रही है। योजना का मुख्य उद्देश्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करना, आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन के अंतर को कम करना है। मूल्य श्रृंखला का आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, मजबूत मत्स्य पालन प्रबंधन ढ़ांचे की स्थाना, मछवारों का कल्याण एवं मछवारों एवं मत्स्य कृषकों की आय दो गुनी करना है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग अनीता चौधरी ने बताया कि इस प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत मत्स्य बीज उत्पादन हेतु नये मत्स्य हैचरी की स्थापना, नवीन मत्स्य बीज संवर्धन हेतु रेयरिंग पोखर व तालाब का निर्माण, नवीन तालाब का निर्माण, मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस, तिलापिया मछली पालन हेतु इनपुट्स की व्यवस्था, जलाशय में मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन, रंगीन मछली की ब्रीडिंग एवं रियरिंग के लिये इकाई की स्थापना, आरएएस की स्थापना, बायोफ्लोक्स की स्थापना, आईस बॉक्स युक्त मोटरसाईकल, मछली बिक्री हेतु ई-रिक्शा, फिश फीड मील/प्लान्ट, मछली कियोस्क का निर्माण, थोक मछली बाजार का निर्माण इत्यादि शामिल है। इससे संबंधित अधिक जानकारी भारत सरकार की राष्ट्रीय मत्स्यकीय विकास बोर्ड की वेबसाईट दकिइण्हवअण्पद में भी देखी जा सकती है। इस योजना में सम्मिलित गतिविधियों का लाभ लेने हेतु इच्छुक आवेदनकर्ता सहायक संचालक मत्स्योद्योग कार्यालय में 31 अक्टूबर तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन कार्यालय की ईमेल आईडी पर भी भेजे जा सकते हैं।

### 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**कटनी।** वर्षा ऋतु में मत्स्य के वंश वृद्धि प्रजनन के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने जिले के सभी प्रकार के जल संसाधनों में मध्यप्रदेश नदी मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3-2 के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि में बंद ऋतु क्लोज सीजन के रुप में घोषित किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने अधिसूचना जारी कर जिले के सभी जल संसाधनों, नदी, तालाब में इस अवधि के लिये सभी प्रकार का मत्स्याखेट प्रतिबंधित कर दिया है। इस दौरान मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनियम एवं मत्स्य परिवहन करना प्रतिबंधित होने के साथ संज्ञेय दण्डनीय अपराध होगा। इस आदेश और नियमों के उल्लंघन पर मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लंघन करने वाले को एक वर्ष का कारावास या 5 हजार रुपये जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। अधिसूचना के माध्यम से किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय-विक्रय अथवा परिवहन ना तो स्वयं करें और ना ही इस कार्य में किसी का सहयोग करें। इस अधिनियम में छोटे तालाब या अन्य जलस्त्रोत, जिनका संबंध किसी नदी से नहीं है और निर्दिष्ट जल की परिभाषा में नहीं आते, उन्हें छोड़कर समस्त नदियों और जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## अब व्हाट्सएप पर अपना सिलेंडर बुक कर सकते हैं उपभोक्ता

### भारत गैस ने अपने एलपीजी ग्राहकों को दी सुविधा




**कटनी।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारत सरकार का उद्यम है जो पेट्रोलियम उत्पादों के शोधन और विपणन के क्षेत्र में जुड़ा हुआ है। यह भारत की दूसरी सबसे बड़ी रिफाइनिंग और मार्केटिंग कंपनी है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का देश भर में 6100 वितरकों का एक मजबूत एलपीजी वितरक नेटवर्क है। मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में, बीपीसीएल के पास 51.76 लाख एलपीजी ग्राहक हैं, जिनकी आपूर्ति इसके 468 एलपीजी वितरकों द्वारा की जाती है। बीपीसीएल ने ग्राहकों को सुविधाजनक गैस सिलिंडर बुक करने के लिए अन्य आवश्यक सुविधाओं के साथ व्हाट्सएप प्लेटफॉर्म के माध्यम से गैस बुकिंग सेवा शुरू की है। व्हाट्सएप नंबर-1800224344: भारतगैस द्वारा उपभोक्ता की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्हाट्सएप नंबर-1800224344 की सेवा प्रारंभ की गई है, जिससे उपभोक्ता अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से ऑनलाइन गैस बुकिंग की साथ विभिन्न जानकारी प्राप्त कर सकेंगे जैसे बुकिंग किये गए सिलिंडर का ऑनलाइन भुगतान, सिलिंडर आपूर्ति की तारीख, बूकिंग के दिन एलपीजी सिलिंडर का रेट, मैकेनिक सेवा, डीबीसी के लिए अनुरोध आदि। ग्राहकों को केवल संबंधित विकल्प पर क्लिक करना होगा और ग्राहको द्वारा मांगी गई सेवाएं उनके दरवाजे तक पहुंच जाएंगी। जिन लोगों ने इस व्हाट्सएप प्लेटफॉर्म के इस विकल्प का उपयोग किया है, उनके द्वारा यह सुझाव दिया जा रहा हैं कि कंपनी को इस समाधान के साथ पहले आना चाहिए था क्योंकि यह एप सुलभ व सुविधाजनक होने से कंपनी से एलपीजी व्यवसाय करना आसान हो गया है।



## सेनेटाइजेशन अभियान चलाया जाकर विभिन्न स्थलों को किया गया विसंक्रमित

**कटनी।** कोविड -19 के संक्रमण के प्रसार पर लगाम लगानें एवं सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों नई बस्ती शांति प्रकाश आश्रम के पास, वेंकट वार्ड में माम राज बगीचा एवं डॉ राजीव बजाज गली शिवनगर में पुरवार स्कूल, रोशन नगर दुर्गा आटा चक्की के पास,एन.के.जी थाना सहित नगर के अन्य स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल से सैनेटाइजेशन का कार्य कराया गया।

## संक्रमण रोकने नियत स्थलों से कराया सब्जी-फल क्रय विक्रय




**कटनी।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कटनी के आदेश दिनांक 14 जून 2021 के परिपालन मे प्रतिबंध से मुक्त गतिविधियां बिन्दु क्र. 28, 28.2 के अनुपालन में नगर निगम आयुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा आदेश जारी आदेश जारी किये गए है। जारी आदेशों के परिपालन में उपायुक्त अशफाक परवेज कुरैशी के निर्देशन में निगम के गठित अमले द्वारा नगर में पूर्व चिन्हित सब्जी फल के थोक एवं फुटकर व्यवसाय स्थलों ट्रांसपोर्टनगर थोक सब्जी मंडी पुरैनी, फारेस्टर प्लेग्राउण्ड, माधवनगर स्थित उत्कृष्ट विद्यालय के सामनें, हाउसिंग बोर्ड मैदान, साधूराम स्कूल परिसर सहित नगर के अन्य स्थलों में उपस्थित अमले द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए फल तथा सब्जी के क्रय- विक्रय की कार्यवाही प्रोटोकाल के साथ करानें के प्रयास किये गए। अतिक्रमण प्रभारी एस के.गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि संक्रमण के प्रसार को रोकने हेतु निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा, सुभाष चौक, सिल्वर टॉकीज रोड, गोल बाजार, माधवनगर स्थित मुख्य सब्जी मंडी परिसर तथा अन्य स्थलों निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोल बाजार में मसाले का विक्रय करनें वाले व्यवसायियों, उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर एवं माधवनगर गेट के सामनें हाउसिंग बोर्ड के पास सब्जी एवं फल ठेला वालों पर नियमों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

## गीले कचरे से खाद बनाने किया जागरूक





**कटनी।** रोजाना विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाकर आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता के प्रयास किये जा रहे है। निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 अन्तर्गत आयोजित की जानें वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा आज प्रातः बाल गंगाघर तिलक वार्ड स्थित शहनाई मैरज गार्डन पहुंचकर गीले कचरे के द्वारा खाद बनानें की प्रक्रिया से अवगत कराकर निकलनें वाले कचरे की मात्रा को कम करनें तथा निर्मित खाद का उपयोग गार्डन में करके भूमि की उर्वरा शक्ति बढानें हेतु जागरूक किया गया। सहयोगी टीम के सदस्यों द्वारा बाल गंगाघर तिलक वार्ड में प्रभात फेरी के माध्यम से वार्ड की विभिन्न गलियों का




भ्रमण कर स्वच्छता संदेशों /नारों के माध्यम से जन जन को स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया गया।

सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के तहत वार्ड में स्पॉट पेंटिंग का आयोजन तथा नगर के विभिन्न स्थलों माधवनगर उपकार्यालय के पास स्थित ग्राम पंचायत चौराहा, बस स्टेण्ड रैन बसेरा के पास, कुम्हार मोहंल्ला, गांधी गंज, नई बस्ती, आजाद चौक सहित नगर के अन्य स्थलों में नुक्कड नाटक का आयोजन किया जाकर टोल फ्री नंबर 14420 के माध्यम से ही सुरक्षित रूप से सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सुरक्षित सफाई का कार्य नियुक्त स्वच्छता दूतों के माध्यम से ही कराने का संदेश प्रसारित किया गया।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि विवाह के पूर्व मेरा नाम रामेत्री चौरसिया पिता श्री रूपचन्द्र चौरसिया था, जो कि विवाहोपरांत बदलकर श्रीमति लक्ष्मी चौरसिया पति स्व. राजा चौरसिया उर्फ परषोत्तम चौरसिया हो गया है, अतः आज से मुझे मेरे समस्त दस्तावेजों मेरा नाम श्रीमति रामेत्री चौरसिया जाना एवं पहचाना जावे।

**श्रीमति रामेत्री चौरसिया**
**पति- स्व. श्री राजा चौरसिया उर्फ परषोत्तम चौरसिया पता- जगमोहन दास वार्ड, आदर्श बस्ती कटनी (म.प्र.)**

### किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# भरी गर्मी करवाई मजदूरी अब वेतन के लाले

## मनरेगा : मजदूरी के भुगतान में फंसा मूल्यांकन का पेंच, इंजीनियरों के चक्कर लगा रहे मजदूर

### बारिश के पहले घर में जरुरी इंतजामों की चिंता सता रही मजदूरों को

**कटनी।** कोरोना संक्रमण काल के दौरान मनरेगा योजना ग्रामीणों की आजीविका का सहारा बनी तो अब मजदूर अब मजदूरी के लिए परेशान नजर आ रहे हैं। सिस्टम की लापरवाही का खामियाजा मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। इस पूरे मामले में जिला पंचायत के इंजीनियरों की भूमिका सवालों के घेरे में हैं। मजदूरी भुगतान में विलंब के पीछे जो कारण सामने आए हैं, उसके मुताबिक मनरेगा में हुए कामों का समय पर मूल्यांकन नहीं हुआ, जिससे मजदूरी का भुगतान नहीं हो पा रहा है। ताजा मामला बहोरीबंद विकासखंड के अंतर्गत सामने आया है, जहां मजदूरी के लिए करीब आधा सैकड़ा मजदूर भटक रहे हैं।



### महत्वपूर्ण जानकारी

- 2 लाख 74 हजार 543 एक्टिव श्रमिकों में 1 लाख 3 हजार 730 श्रमिकों को मिला काम।
- 2 हजार 677.60 लाख रुपये मजदूरी और 94.22 लाख रुपये सामग्री में हुआ अब तक भुगतान।
- जिले भर में वर्तमान में 584 सामुदायिक कार्य हो रहे संचालित।
- 5 हजार 562 हितग्राही मूलक कार्य जिलेभर में वर्तमान में प्रगति पर।
- 31 हजार 917 सामुदायिक और हितग्राही मूलक कार्य 10 जून की स्थिति में जिलेभर में प्रगति व अपूर्ण कार्य की स्थिति में हैं।
- 56 हजार 103 है राज्य स्तर से निर्धारित लेबर नियोजन लक्ष्य।
- 60 हजार 534 लेबर जिलेभर में किया गया नियोजित, जो लक्ष्य का 107.90 प्रतिशत है।

### किश्तों में हो रहा भुगतान किस काम का

मजदूरों ने बताया कि मजदूरी का भुगतान किश्तों में होने से पैसा काम भी नहीं आ रहा है। जानकार बताते हैं कि मनरेगा में काम के बाद समय पर मूल्यांकन नहीं होने के कारण मजदूरों को भुगतान के लिए परेशान होना पड़ रहा है। मूल्यांकन का काम इंजीनियर करते हैं। मजदूर बताते हैं कि मूल्यांकन से पहले इंजीनियरों की अपनी शर्तें होती है। कई बार पंचायत के सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक को काम के बाद मूल्यांकन के लिए इंजीनियरों के चक्कर लगाते भी परेशान होना पड़ता है। मजदूरी में लंबित भुगतान को लेकर बहोरीबंद जनपद के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक भार्गव का कहना है कि प्रक्रिया भोपाल से लंबित है। तकनीकी कारणों के कारणों की वजह से मजदूरों को भुगतान नहीं हो रहा है।

### 70 की हाजिरी भरी, भुगतान 4-5 को

बहोरीबंद विकासखंड में मनरेगा में मजदूरी करने वाले मजदूर भुगतान को लेकर परेशान हैं। इनका कहना है कि यहां मस्टर में 70 से मजदूरों की हाजिरी भरी जाती है लेकिन भुगतान 4 से 5 मजदूरों को होता है। 79 ग्राम पंचायत में अलग-अलग पंचायतों में काम के बाद करीब 4 करोड़ रुपये से ज्यादा भुगतान मजदूरों को शेष है। मटेरियल सप्लायरों का भी भुगतान अटका है। बताया जाता है कि मनरेगा में मजदूरों को भुगतान कई बार समय पर मूल्यांकन नहीं होने के कारण प्रभावित हुआ है। कई इंजीनियर कोविड-19 के दौरान संक्रमित हो गए थे। अब स्थितियां सामान्य हो रही है। जहां कहीं भी थोड़ी बहुत त्रुटि है उसे ठीक कर रहे हैं। मजदूरों को भुगतान की ज्यादा समस्या नहीं है।

### मटवारा में हुआ था मेढ़ बंधान का काम

बताया जाता है कि कोरोना संक्रमण काल के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में वापस लौटे मजदूरों को राज्य सरकार द्वारा मनरेगा योजना के तहत विभिन्न निर्माण कार्यों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे,ख जिसके तहत बहोरीबंद विकासखंड के अंतर्गत स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम मटवारा आधा सैकड़ा से अधिक मजदूरों को मेढ़ बंधान कार्य में लगाया गया था। मजदूरों ने बताया कि उन्होंने करीब डेढ़ माह तक मेढ बंधान व पीएम आवास के निर्माण में काम किया लेकिन काम जब पूरा हो गया तो अब मजदूरी के लिए चक्कर लगाना पड़ रहे हैं। क्षेत्र के निवासी भरतलाल, शिवकुमारी, गिरिजा बाई, रामसखी बाई व राधाबाई का कहना है कि मजदूरी का भुगतान नहीं होने की वजह से उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इन लोगों को बारिश के पहले भुगतान नहीं होने के कारण घर में जरुरी इंतजाम की चिंता भी सता रही है।

## सड़क पर लगे फल के ठेलों को हटाया नगर निगम ने

**कटनी।** नगर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर चिन्हित स्थलों से ही व्यवस्थित रूप से थोक एवं फुटकर सब्जी व्यवसाय संचालित कराकर संक्रमण के प्रसार पर लगाम लगानें के प्रयास किये जा रहे है। अतिक्रमण प्रभारी ने बताया कि निगम के अतिक्रमण दल के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों सिल्वर टॉकीज मोड, बिलैया तलैया सब्जी मंडी क्षेत्र, गोल बाजार, सुभाष चौक से कारगिल चौक, विश्वकर्मा पार्क, माधवनगर मुख्य सब्जी मंडी आदि स्थलों का भ्रमण कर गोल बाजार में खड़े फल ठैले वालों को निर्धारित स्थल साधूराम स्कूल भेजने की कार्यवाही की गई। सब्जी एवं फल के क्रय विक्रय हेतु नगर के चिन्हित स्थलों से सोशल डिस्टेंसिंग के साथ व्यवसाईयों को बैठालकर प्रोटोकाल के साथ सब्जी मंडियों का संचालन कराया गया।



## सोडियम हाइपोक्लोराइड के घोल से सैनेटाईजेशन





**कटनी।** कोरोना संक्रमण के प्रसार पर पूर्ण रूप से लगाम लगानें के उद्धेश्य से जिला कलेक्टर एवं नगरनिगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में निगम प्रशासन द्वारा कोरोना विनाशक रथों के माध्यम से नगर के विभिन्न स्थलों में रोजाना सोडियम हाइपोक्लोराइड के घोल का छिडकाव कराया जा रहा है। सैनेटाईजेशन प्रभारी अभिषेक बघेल एवं पंकज निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना विनाशक रथों के माध्यम से नगर के विभिन्न स्थलों बजरंग कॉलोनी तथा जैन कॉलोनी के विभिन्न रहवासी क्षेत्रों, तिलक कॉलेज मार्ग एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र परिसर, दुर्गा चौक खिरहनी आंगनबाडी परिसर, वेक्सीनेशन परिसर पुरानी कचहरी, सिविल लाईन सूरी गली, सहित नेहरू वार्ड की विभिन्न गलियों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल से छिडकाव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करनें की कार्यवाही की गई।

## जनजागरुकता के लिए निकली प्रभात फेरी






**कटनी।** नोडल अधिकारी सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन की सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज अभियान के अन्तर्गत विवेकानंद वार्ड की विभिन्न गलियों में घर-घर दस्तक अभियान, प्रभात फेरी एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाकर स्थानीय वार्डवासियों को सीवर एवं सेप्टिक टेंक की सुरक्षित सफाई करानें हेतु जागरूक किया जाकर उपस्थित जनों को घरों के सैप्टिक टेंकों की अधिकृत सफाई मित्रों से ही पूर्ण सुरक्षात्मक रूप से सफाई करानें एवं इनसे संबंधित शिकायतों का निराकरण टोल फ्री नंबर14420 के माध्यम से करानें की जानकारी प्रदान की गई। प्रभात फेरी के दौरान वार्डवासियों को कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु मास्क का उपयोग करनें दूसरों से दो गज की दूरी का बनाये रखनें, स्वयं का वैक्सीनेशन करानें एवं इस हेतु दूसरों को भी प्रेरित करनें अपनें घरों के आसपास साफ-सफाई रखनें की अपील की गई।



## शुगर पीड़ितों के लिए फायदेमंद है मौसमी फल जामुन

### बाजार में जामुन की आवक के साथ बढ़ी मांग

**कटनी।** जब लोगों के शरीर में ब्लड शुगर अनियंत्रित हो जाता है तो डायबिटीज की चपेट में आने का खतरा बढ़ जाता है। बताया जाता है कि रक्त शर्करा का स्तर स्ट्रेस, खराब खानपान, अस्वस्थ जीवन शैली के कारण बढ़ जाता है। हाई ब्लड शुगर के कारण आंखें, दिल, किडनी, हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। ऐसे में ब्लड शुगर कंट्रोल करने के लिए खानपान का खास ख्याल रखना चाहिए। आमतौर पर डायबिटीज रोगी सोचते हैं कि उनके लिए फलों का सेवन खतरनाक है लेकिन कुछ मौसमी फल शुगर लेवल कंट्रोल करने के लिए जाने जाते हैं। इन्हीं में से एक है जामुन जो डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद है। इन दिनों बाजार में जामुन काफी ज्यादा आ रही है। लोग इसे काफी पसंद भी करते हैं।

### इंसुलिन प्रोडक्शन में मददगार

चिकित्सकों के मुताबिक जामुन का बीज इंसुलिन निकलने में मदद करता है। गौरतलब है कि डायबिटीज के मरीजों में पैन्क्रियाज इंसुलिन का उत्पादन करने में असमर्थ हो जाता है। इंसुलिन एक महत्वपूर्ण हार्मोन है जो शुगर लेवल कंट्रोल करने में सहायक होता है। ऐसे में इंसुलिन प्रोडक्शन के लिए मधुमेह के मरीजों को रोज सुबह जामुन के बीज से बने चूर्ण को एक गिलास पानी में मिलाकर खाली पेट पीना चाहिए।

### रक्त शर्करा स्तर को भी करती है नियंत्रित

माना जाता है कि जामुन खाने से भी शरीर में ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित किया जा सकता है। साथ ही इसके बीज को पीसकर पाउडर बनाकर सेवन करने से भी लाभ होगा। एक्सपर्ट्स के अनुसार इसके इस्तेमाल से ब्लड स्ट्रीम में शुगर जिस गति से रिलीज होता है उसको कम किया जा सकता है।

### दूसरी बीमारियों का खतरा भी होता है दूर

डायबिटीज के मरीजों की इम्युनिटी स्वस्थ लोगों की तुलना में कमजोर होती है। इस कारण उनमें दूसरी बीमारी से ग्रस्त होने का खतरा अधिक होता है। ऐसे में जामुन के बीज के सेवन से इन मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर करने में मदद मिलेगी। बताया जाता है कि इन बीजों में भरपूर मात्रा में फ्लेवनॉयड्स और फेनॉलिक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर को फ्री रैडिकल्स से बचाए रखने में मददगार होते हैं।

### इस तरह करें सेवन

आमतौर पर लोग जामुन के पल्प यानी गुदे को खाते हैं और बीज को फेंक देते हैं। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार जामुन के बीज भी उतने ही स्वास्थ्यवर्धक होते हैं। इन सीड्स को साबुत खाना संभव नहीं है ऐसे में इनका चूर्ण बनाकर सेवन करें। इसके अलावा आप इस पाउडर को स्मूदी या फिर पानी में मिलाकर भी पी सकते हैं।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

# शहरवासियों के लिए सिरदर्द बनी सीवर लाइन

## ट्रक धंस रहे तो कहीं बाइक, दलदल में तब्दील सड़क, चलना दुश्वार

## एक साल पहले पूरा होना था काम, अभी 50 प्रतिशत भी नही





**कटनी। सीवर लाइन ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा शहर के नागरिकों को भोगना पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर शहर के अंदरूनी इलाकों में सीवर लाइन बिछाने में बरती गई अनियमितताओं के चलते एक बार फिर बारिश के मौसम में हजारों नागरिकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस ओर न तो जिला प्रशासन का ध्यान जा रहा है और न ही नगर निगम प्रशासन का। शहर के कुछेक इलाके ऐसे हैं, जहां ठेकेदार ने सीवर लाइन तो बिछाई लेकिन सीवर लाइन डालने के बाद गड्ढों को अच्छे से नहीं भरा गया है, जिसकी वजह से सड़क धंस रही है और लोगों को आवागमन में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि वर्ष 2017 में 96 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से कटनी में सीवर लाइन का काम स्वीकृत किया गया था। 2018 में सीवर लाइन का काम शुरू हुआ। मार्च 2020 में इसे पूरा करने का दावा किया गया था लेकिन निर्माण कार्य की मंथर गति की वजह से इसकी मियाद पूरी होने के एक साल बाद तक यह कार्य अधर में लटका हुआ है। शहरवासियों के लिए सिरदर्द बन चुके सीवर लाइन के काम में गुणवत्ता का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है।**

### शहर में कब शुरू होगा काम

बताया जाता है कि फेज-3 में शहरी क्षेत्र में सीवर लाइन का काम शुरू होना है। पहले ठेकेदार ने काम में देरी की, फिर लॉकडाउन के कारण काम पिछड़ा और अब बारिश का मौसम शुरू होने वाला है, जिसके चलते शहरी क्षेत्र में सीवर लाइन का काम काफी प्रभावित होगा। अभी सीवर लाइन का काम माधवनगर, झिंझरी में ही हो पाया है। कुठला एरिया में काम चल रहा है। शहरी क्षेत्र में शुरू अब बारिश के बाद ही काम शुरू होगा।

### आधारकाप में सीवर लाइन डली, लेकिन नहीं बनी सड़क

सावरकर वार्ड के आधारकाप क्षेत्र निवासी रवि प्यासी, राजेश सोंधिया, अशोक सोंधिया, विजय गौतम, मनोज साहू, मनीराम यादव, ओमप्रकाश प्रजापति, संजू निषाद, बाबू यादव, रेखा साहू ने नगर निगम आयुक्त से की गई शिकायत में बताया कि 7 महीने पहले यहां सीवर लाइन डाली गई थी और सड़क स्वीकृत है, इसके बाद भी निर्माण नहीं कराया जा रहा। मार्ग दलदल में तब्दील होने से आवागमन करने में भारी परेशानी हो रही है।

### इनका कहना है

ठेकेदार द्वारा समय पर सीवर लाइन का काम नहीं किया जा रहा है। अभी तीन-चार दिनों में कुछ गति आई है। ठेकेदार को तेजी के साथ काम करने चेतावनी दी गई है। अब सही ढंग से काम नहीं किया जाता तो अलग करने की कार्रवाई की जाएगी।

**-सत्येंद्र कुमार धाकरे, आयुक्त, नगर निगम**

### 219 किलोमीटर सीवर लाइन का निर्माण

जानकारी के मुताबिक शहर में 219 किलोमीटर लाइन डलनी है लेकिन अभी तक सिर्फ135 किलोमीटर ही डल पाई है। हैरानी की बात तो यह है कि इस काम की हर माह समीक्षा हो रही है। नगर निगम आयुक्त से लेकर प्रशासक व कलेक्टर निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं, इसके बाद भी निर्माण कार्य की मंथर गति के लिए ठेकेदार को न तो नोटिस दिया जा रहा है और न ही कार्यवाही की जा रही है। बताया जाता है कि शहर में सीवर लाइन का काम केके स्पन कंपनी द्वारा किया जा रहा है। सीवर लाइन के कारण कहीं पर ट्रक धंस रहे हैं तो कहीं पर बाइक। कहीं गड्ऐ हो रहे हैं तो हीं लाइन टूट रही है। वहीं मार्ग दलदल में तब्दील होने से चलना दुश्वार हो रहा है। पिछले साल वल्लभ नगर में कई घटनाएं घटित हुई थी। बताया जाता है कि पाइप लेइंग वर्क शहर में 162 किलोमीटर बिछाया जाना है। इसमें अभी तक ठेकेदार ने सिर्फ68.28 किलोमीटर बिछाई है। अभी आधे से ज्यादा काम बाकी है। इस काम को मार्च 20 में पूरा करा देना था, जो अभी तक पूरा नहीं किया गया है। ठेकेदार की बेपरवाही के कारण काम मंथर गति से हो रहा है। इसी तरह मेन वर्क कराया जाना था, इसमें 7067 स्थानों पर मेन वर्क होना था। अभी तक मात्र 2362 स्थानों पर ही हो पाए हैं।

### 17937 में से केवल 10 हजार कनेक्शन हुए

सीवर लाइन के तहत 17937 घरेलू कनेक्शन होने थे, इसमें से मात्र 10 हजार 500 ही कनेक्शन हो पाए हैं। 70437 कनेक्शन होना बाकी हैं। पाइप लाइन न पहुंचने के कारण कनेक्शन नहीं हो पाए। यही हाल रोड निर्माण का भी है। अभी भी कई जगह पर सड़क का निर्माण कराया जाना बाकी है। वहीं लगातार धस रही सीवर लाइन से गुणवत्ता भी सवालों में है। शहर में तीन एसटीपी सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बनने हैं। कटायेघाट रोड में 6 एमएलडी क्षमता का बनना है। इंडस्ट्रियल एरिया के पास निर्माण शुरु हुआ है, वह भी मंथर गति से चल रहा है। दूसरा माधवनगर में, वहां भी काम धीमा है। तीसरा कुठला में बन रहा है, यहां पर भी निर्माण की गति धीमी चल रही है। स्लोप न मिलने के कारण भी समस्या बताई जा रही है, हालांकि नगर निगम के अफसरों का दावा है कि दिसंबर तक तीनों एसटीपी तैयार हो जाएंगे।

# ट्रक नंबर बदलकर 8 लाख के चावल की हेराफेरी करने वाला गिरफ्तार

## दो अन्य फरार, चावल व ट्रक जप्त, गुजरात पुलिस की मदद से कुठला पुलिस को मिली सफलता

**कटनी।** ट्रक की नंबर प्लेट बदलकर धोखाधड़ी करते हुए 25 टन चावल का गबन करने वाले तीन आरोपियों में से एक को कुठला पुलिस गुजरात पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर कटनी ले आई है। आरोपी के पास से करीब 406 बोरी चावल बरामद किया गया है, जिसकी कीमत करीब 8 लाख रुपए है। पुलिस ने एक ट्रक भी जप्त किया है। इस मामले में दो आरोपी फरार हैं। जिनकी तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही है। पुलिस ने बताया कि कुठला थाना अंतर्गत लमतरा औद्योगिक क्षेत्र निवासी ललित अग्रवाल ने 8 जून को शिकायत की थी कि 1 जून को उसकी फर्म दिलसा फूड प्रोडक्ट से ट्रक क्रमांक जी.जे.09जेड-0873 में 25 टन चावल की बोरियां लोड करवाकर गुजरात राज्य के अहमदाबाद संतोषी इंडस्ट्रीज बबला के लिए भेजी थी लेकिन ट्रक चालक रामनिरंजन लोनिया ने चावल को वहां नहीं पहुंचाया और चावल का गबन कर लिया। पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी चालक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। मामले की विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पुलिस को पता चला कि जिस ट्रक में चावल लोड कराया गया था। वह ट्रक गुजरात की ओर गया है। कटनी पुलिस ने गुजरात पुलिस से सहयोग लिया और पुलिस टीम को



गुजरात के सूरत के पल्सना क्षेत्र भेजा। वहां पर पुलिस टीम ने ट्रक मालिक तरन्नुम सिद्धकी से पूछताछ की। जिसमें उसने बताया कि ट्रक क्रमांक जी.जे.09जेड-0873 नंबर का ट्रक यार्ड में खड़ा है और उसके द्वारा कोई चावल लोड नहीं करवाया गया। इस बीच पुलिस टीम पल्साना स्थानीय लोगों द्वारा दी गई जानकारी के बाद वहां पर रहने वाले सुरेश कुमार सेन से पूछताछ की।

पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि उसके द्वारा ही ट्रक में 09 जेड 0873 में 25 की नंबर प्लेट लगाई थी। आरोपी ने बताया कि 406 बोरी चावल उसने रख ली थी और 98 बोरी चावल चालक रामनिरंजन लोनिया और क्लीनर भरत को दे दी थी। पुलिस ने आरोपी सुरेश कुमार सेन की निशानदेही पर एक दुकान से 406 बोरी चावल और ट्रक बरामद कर लिया है। जप्त किए गए चावल की कीमत करीब 8 लाख रुपए आंकी गई है। मामले में फरार आरोपी चालक व क्लीनर की तलाश के लिए उनके संभावित ठिकानों में दबिश दी जा रही है। आरोपी को पकड़ने में कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह, परीविक्षाधीन डीएसपी अमन मिश्रा, माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे, सायबर सेल प्रभारी एसआई नीरज दुबे, एसआई शत्रुघन तिवारी, एसआई प्रियंका राजपूत, आरक्षक अनमोल सिंह, दीपक सिंह, सत्येन्द्र सिंह, प्रशांत विश्वकर्मा की भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने पुलिस टीम को पुरूस्कृत करने की घोषणा की है।

# जिले में अब 5 एक्टिव केस, आज भी एक संक्रमित मरीज नहीं मिला

**कटनी।** कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर कमजोर पड़ने के बाद जिले में एक्टिव केस की संख्या में हर दिन कमी आ रही है। अप्रैल और मई के महीने में जहां हर दिन बड़ी संख्या में पॉजीटिव केस आ रहे थे तो वहीं एक्टिव केस भी बढ़ते जा रहे थे लेकिन जून का महीना शुरू होने के बाद अब एक्टिव केस हर दिन कम हो रहे हैं। सीएमएचओ के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक आज जिले में केवल 5 एक्टिव केस हैं,




जिसमे 4 होम आईसोलेशन और 1 जिला चिकित्सालय में भर्ती हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि जिले में आज एक भी पॉजीटिव केस नहीं मिला है। पिछले 24 घंटे में सुप्राटेक की इंदौर लैब से मिली (आरपीटीसीआर) 592 सेम्पल और रेपिड एंटीजन टेस्ट की 541 सेम्पल की रिपोर्ट में एक भी पॉजीटिव केस नहीं मिला है, जबकि पिछले 24 घंटे में एक भी मरीज को डिस्चार्ज नहीं किया गया है। अब तक तक कुल संक्रमित मरीजों 9360 में से 9241 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। जिले में अब 5 एक्टिव केस हैं। आज जिले में एक मौत दर्ज की गई है। इस तरह अब जिले में मौतों की संख्या 114 तक पहुंच गई है। जिले में अब तक 1 लाख 47 हजार 696 लोगों की जांच की जा चुकी है, जिसमे से 1 लाख 31 हजार 837 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

# चार दिन बंद रहेगी नर्मदा एक्सप्रेस

**कटनी।** बिलासपुर से इंदौर के बीच कटनी साउथ स्टेशन होकर चलने वाली नर्मदा एक्सप्रेस गाड़ी आगामी 21 जून से 24 जून तक 4 दिनों तक कैंसिल कर दी गई है। इसी तरह वापसी की नर्मदा एक्सप्रेस भी 22 जून से 25 जून तक इंदौर से कटनी साउथ स्टेशन होकर बिलासपुर के बीच नहीं चलेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री विश्वरंजन ने बताया कि कटनी के पास कटंगी खुर्द स्टेशन पर रेलवे का प्री नॉन इंटरलॉकिंग तथा इंटरलॉकिंग कार्य प्रारंभ होने के कारण रेल प्रशासन ने नर्मदा एक्सप्रेस के साथ ही भोपाल से संतरागाछी के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 02157/58 को भी 23 एवं 24 जून को रद्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 5 यात्री गाड़ियों की दिशाओं को भी परिवर्तित किया गया है। जिसमें दुर्ग से कानपुर चलने वाली गाड़ी संख्याा 08203, दुर्ग से नौतनवा चलने वाली गाड़ी संख्या 08201, वलसाड से पुरी जाने वाली गाड़ी संख्या 092096, कोलकाता कोलकाता से चलकर आसनसोल सिंगरौली, कटनी मुड़वारा, सागर, कोटा, अजमेर मार्ग से मादर स्टेशन तक जाने वाली गाड़ी नंबर 09607 तथा हावड़ा से भोपाल के बीच चलने वाली यात्री गाड़ी नंबर 03025 शामिल है । उन्होंने बताया कि रेलवे द्वारा कटनी के पास रेल पटरी पर गाड़ियों को वर्षा काल के पूर्व अथवा अथवा रेलवे लाइन के सुधार का कार्य युद्धस्तर पर कराया जाएगा।


PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033






पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें

डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION
साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)